हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 9 मार्च 2026

04 युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जमकर उड़ाया...

07 मनुष्य मिलन योग साधना शिविर में हर्षोल्लास...




# क्षेत्रवासियों के समग्र विकास के लिए की जीवनदायनी मां नर्मदा से प्रार्थना: विजयपाल सिंह

## सोहागपुर में विधायक विजयपाल सिंह की नर्मदा परिक्रमा यात्रा का हुआ अभूतपूर्व स्वागत, मैरिज गार्डन में कार्यक्रम आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मैंने नर्मदा परिक्रमा में नियमितत पूजन दौरान क्षेत्रवासियों के समग्र विकास की प्रार्थना जीवनदायिनी मां रेवा से की। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने शनिवार रात शहर में नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के अभिनंदन दौरान अभिभूत भाव से कही। रात लगभग 9:30 बजे यात्रा सोहागपुर पहुंची थी।

शहर के एक मैरिज गार्डन में स्वागत का मंचीय आयोजन किया गया। जिसमें परिक्रमा यात्रा प्रणेता पं. सोमेश परसाई, परिक्रमायात्री राज्यसभा सांसद माया नारोलिया व विधायक विजयपाल सिंह सहित आध्यात्मिक गुरू पं. प्रकाश मुदगल, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम से पं. सोमेश परसाई के सानिध्य में प्रारंभ हुई यात्रा 16 वें दिवस सोहागपुर पहुंची है। चौपहिया वाहनों से की गई इस यात्रा ने सभी सहयात्रियों ने आध्यात्मिक शक्ति रूप में जीवंत मां नर्मदा के महत्व तथा साक्षात स्वरूप के कई प्रमाण अनुभूत किए हैं। पं. सोमेश परसाई ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के रूप में हमारे नर्मदांचल क्षेत्र में मां रेवा प्रवाहमान है। जिसकी सुरक्षा का दायित्व हम सभी का है। आयोजन स्थल पर सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, मोंटू अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी आदि के नेतृत्व में सभी परिक्रमावासियों का अभिनंदन किया गया।




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता, आम नागरिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिन्होंने समस्त नर्मदा परिक्रमा यात्रियों सहित सांसद, विधायक व पंडित परसाई का पुष्पवर्षा करते हुए अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व विधायक सविता दीवान, नारायण दास छाबड़यिा, कृष्णा पालीवाल, जयप्रकाश माहेश्वरी, अभय खंडेलवाल, रामगोपाल चौबे, गोलू अग्रवाल, नीरज यादव, संजय तिवारी रघुवंशीपुरा, संजय तिवारी मातापुरा, प्रवीण महेश साहू, मनोज अग्रवाल, संजय दीक्षित, ब्रजेश साहू, पवन वर्मा, गौरव भावसार व सैकड़ों अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### 108 सहयात्रियों का संयोग



विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि पं. सोमेश परसाई ने परिक्रमा के प्रेरक की भूमिका निभाई। इस दौरान 108 परिक्रमावासियों के सम्मिलित होने का संयोग बना। सभी यात्री मां नर्मदा के दैनिक पूजन व दर्शन से अभिभूत नज़र आए। यात्रा में शामिल विधायक विजयपाल सिंह की पत्नी सीमा सिंह से हरिभूमि प्रतिनिधि ने चर्चा की। उन्होंने यात्रा का अनुभव बताते हुए कहा कि मां नर्मदा हमें पुष्प रूप में स्वीकार कर पुष्पों की भांति ही गोद में लेकर यात्रा को संपन्नता तक लाई हैं। भाजपा नेत्री व नर्मदा परिक्रमावासी अर्चना पुरोहित ने इस यात्रा को जीवन का अभूतपूर्व एवं अविस्मरणीय अनुभव बताया। यात्रा का शहरी में विविध स्थलों पर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया।

## गुलाल, फूलों और गीत-संगीत के बीच झलकी भारतीय संस्कृति की झलक, जिलेभर में भाईचारे का संदेश दिया



### ब्रज की होली की तर्ज पर खेली फूलों की होली

इटारसी। ब्रज की तर्ज पर फूलों की होली का जीवन्त दृश्य इटारसी के हनुमान धाम मंदिर में देखने को मिला। जहां श्रद्धा और उल्लास के अनूठे संगम के बीच भगवान के साथ फूलों की होली खेली गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर सुगंध और भक्ति के रंगों से महक उठा। उत्सव के दौरान भारी संख्या में भक्त जुटे और ढोल मंजिरों की थाप पर मधुर भजन-कीर्तन के साथ एक-दूसरे को रंगों के पर्व की बधाई दी।

# रंग-पंचमी पर जिला रंगों और उल्लास में सराबोर परंपरा के साथ मनाया रंगपंचमी का पर्व

रंग पंचमी पर जिला रंगों के पर्व में रंगा नजर आया। भगवान को रंग गुलाल लगाकर जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ परंपरागत होली का रंग उड़ाया गया। कहा जाता है कि गुलाल उड़ाने से वातावरण से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को रंग-पंचमी के पावन अवसर पर नर्मदापुरम जिला पूरी तरह रंगों और उत्साह के माहौल में सराबोर नजर आया। होली के पांचवें दिन मनाए जाने वाले इस पारंपरिक पर्व पर शहर की गलियों से लेकर मुख्य चौक-चौराहों तक हर जगह रंग, गुलाल और खुशियों की बौछार दिखाई दी। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर रंग-पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। रंग-पंचमी भारतीय संस्कृति में हर्ष, उल्लास और प्रेम का प्रतीक मानी जाती है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में होली के पारंपरिक गीतों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया और फूलों तथा गुलाल से होली खेलते हुए उत्सव का आनंद लिया।




### चारों ओर से निकाली गई रंग यात्रा बरसा रंग-गुलाल, हुआ स्वागत




पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र अनेकानेक लोगों की उपस्थिति में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रंगपंचमी सारा शहर एक हुआ। विगत वर्ष से सिर्फ रिपटा मंदिर से ही यात्रा निकाली जाती थी। लेकिन इस वर्ष पचमढ़ी रोड के तहसील के पास दुर्गा पूजा अर्चना कर होली की रंगीन यात्रा निकाली गई। जिसमें झांकियां भी निकाली गई भगवान राधा रानी क्रषणने रंग गुलाल लगा खेला गया। पचमढ़ी रोड पर जगह-जगह स्वागत किया गया।





रंगपंचमी पर नर्मदापुरम की कालोनी में जमकर रंग गुलाल उड़ा। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे पर रंगों की बरसा कर रंग पंचमी का त्यौहार मनाया। शहर भर में परंपरागत होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्वालटोली में जहां फाग पर लोकगीतों का आयोजन हुआ। इस दौरान फाग के गीतों पर ढोल मंजिरों के साथ के साथ लोकनृत्य का आयोजन किया गया। वहीं शहर के अलग-अलग स्थानों पर जमकर गुलाल उड़ा। वहीं हरित पैथालॉजी के स्टॉफ ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।

### बच्चों ने खेला रंग व गुलाल से खुशियों का पर्व



सोहागपुर। रंगपंचमी पर्व के अवसर पर रविवार को शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों ने रंगों से होली खेली। उल्लेखनीय है कि होलिका दहन के दूसरे दिन धुरेड़ी पर जहां लोग अनरहे की स्थिति में दिवंगत लोगों के परिजनों से मिलने व संवेदना जताने जाते हैं। वहीं रंगपंचमी पर रंग खेला जाता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में रंगपंचमी पर रंगों व गुलाल से होली खेलने वाले लोगों की संख्या में भारी कमी आई है। एवं यह त्यौहार मात्र बच्चों की खुशियों तक सिमट कर रह गया है। लगभग आधे दशक पूर्व तक शहर में विविध संगठन रंगपंचमी पर पैदल रैली निकालते थे। इस दौरान हुरियारे रंग व गुलाल उड़ाकर खुशी मनाते थे।

### दो चोरी के मामलों का खुलासा

# बंगले से चोरी करने वाला बाल अपचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी को जनसंपर्क विभाग की संयुक्त संचालक रश्मि देशमुख के शासकीय आवास में चोरी की घटना हुई थी। उस समय रश्मि देशमुख किसी निजी कार्यक्रम में घर से बाहर गई हुई थीं। इसी दौरान चोरों ने पीछे के रास्ते से गेट तोड़कर घर में प्रवेश किया और बाथरूम में लगे नलों की टोटियां निकालकर ले गए।बताया जा रहा है कि अगले दिन चोरों ने दोबारा घर में घुसने की कोशिश की, लेकिन घर के अंदर से रश्मि देशमुख की आवाज सुनकर वे मौके से भाग निकले। इसके बाद 2 फरवरी को उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया। आरोपी को बाल न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे बैतूल के संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। वहीं दूसरा मामला 28 जनवरी को एक मस्जिद में हुई चोरी से जुड़ा है। इस मामले में अकबर अली ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद इमरान खान (35), निवासी मटन मार्केट, बंगाली कॉलोनी, नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से करीब 40 हजार रुपए कीमत की साउंड मशीन, दो माइक और स्टैंड, गैस टंकी, आरओ मशीन और अन्य सामान बरामद किया गया। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरामद संपत्ति संबंधित विभाग और पीड़ितों को वापस करने की कार्रवाई की जा रही है।

## महिला दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग समूह ने प्राचार्य का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। कई स्थानों पर नारी शक्ति की सराहना कर उनके समाज में विशेष योगदान को लेकर सम्मानित किया गया। महिला शिक्षा , अर्थव्यवस्था नेतृत्व , नीति निर्माण में बढ़ती भागीदारी के साथ एक विकास की धुरी बन गई है । अब वे निर्णायक कर्ता की भूमिका में । शहर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा जुमेराती स्कूल की प्राचार्य कीर्ति शिव पुरिया का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान किया गया। इस मौके पर डॉ रवीन्द्र गंगराड़े, डॉ श्री चौबे, डॉ सुनील थापक सहित अन्य वरिष्ठजन मौजूद थे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में काम कर रही हैं । शिक्षा, स्वास्थ्य, टेक्नोलॉजी , खेल, रक्षा , राजनीति प्रशासन सभी क्षेत्रों में महिला की भागीदारी सुनिश्चित है। महिला को अपनी शक्ति और संभावना को पहचान कर समाज में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर अनेक विशिष्ट जन शामिल हुए।

### लीनेस क्लब ने किया सीएम राइस स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# महिला कंडक्टर्स व बालिका खिलाड़ी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लीनेस क्लब सोहागपुर द्वारा शनिवार रात नगर स्थित सी फोर सिटी मॉल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट महिला सम्मान समारोह भी किया गया। जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष नंदिनी साहू, सचिव शालिनी चौहान व कोषाध्यक्ष मंजू दुबे ने बताया कि कार्यक्रम दौरान सोहागपुर सीएम राइज स्कूल में संचालित बस की कंडक्टर्स माया केवट एवं ममता कहार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम दौरान बताया गया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए बस में तैनात दोनों महिला कंडक्टर्स का योगदान सराहनीय व स्तुत्य है। इसके अलावा जूडो कराटे चैंपियन महक सराठे का भी क्लब द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान लीनेस क्लब से अध्यक्ष नंदिनी साहू, सचिव शालिनी चौहान, कोषाध्यक्ष मंजू दुबे,अनीता कत्थे, विमला अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, शशी मालवीय, राधा मालवीय, तरुणा माहेश्वरी, संगीता खनूजा, कल्पना रघुवंशी, क्षमा दीवान, मीना भावसार, संगीता चौधरी, अनीता चौधरी, पूनम बजाज, ममता तेहरिया, दीपाली दुबे, अमिता दुबे, सुधा साहू, पूनम बजाज, वृंदा अग्रवाल, भावना खंडेलवाल, बबीता चौरसिया, अलका पुरोहित ने सम्मान प्राप्त करने वाली महिला शक्तियों को बधाई दी। सभी ने संकल्प लिया कि समाज के आधार के रूप में कार्यरत नारी शक्ति का लीनस क्लब द्वारा सतत रूप से स्वागत, सम्मान तथा अभिनंदन किया जाएगा।




### पीएम राहत सड़क दुर्घटना संबंधी अंतर्विभागीय बैठक आज

**नर्मदापुरम।** सीएमएचओ डॉ नरसिंह गहलोत ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क राहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों के अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित उपचार के लिए, सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से हुई आघात या बहु आघात वाले लोगों के उपचार के लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक 9 मार्च सोमवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र सीएमएचओ कार्यालय में रखी गई है जिसमें स्टेट रोल आउट मैनेजर एनआईसी मप्र गौतम डे द्वारा पुलिस अधिकारियों, चिकित्सकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दरअसल प्रधानमंत्री सड़क राहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों के अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित उपचार के लिए इंतजाम किए जा रहे है।

# समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ज्ञानोदय होनॉरी डॉक्टरेट अवॉर्ड फाउंडेशन द्वारा समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु एक गरिमामय समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीकमगढ़ के विधायक राकेश गिरी गोस्वामी उपस्थित रहें। साथ ही आनंद सिंह (चीफ इंजीनियर), डॉ सुनील पांडे एवं डॉ महेश प्रसाद मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। फाउंडेशन द्वारा यह सम्मान पाँच विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किया जाता है।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी कार्यों के लिए माखन नगर, जिला नर्मदापुरम के शिक्षाविद् डॉ अमजद खान एवं डॉ अशोक कुमार यादव को बेस्ट टीचर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों ने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा के प्रति समर्पण, सतत शैक्षिक शोध, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा पद्धति में नवीन प्रयोग और नवाचार के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवचेतना और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिला है, जो अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह सम्मान समारोह सरदार वल्लभभाई पटेल पॉलीटेक्निक कॉलेज, भोपाल में आयोजित किया गया। इस उपलब्धि पर समाज, परिजन, स्नेहीजन एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों शिक्षाविदों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है।



## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

**शाहपुर।** राजमेरू संस्था के तत्वावधान में 8 मार्च को ग्राम कुंडी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में 20 ग्रामों से 65 महिलाओं ने हिस्सा लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सरोज परते, शिक्षिका दीपना जगताप, विशेष अतिथि में श्यामा कदम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता चौरे, आरती चोरे, जागो महिला संघ के सदस्य, शारदा राक्से, कमला बाई, अन्य सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। अतिथियों ने कहा कि जब महिलाओं को संसाधन, मंच और मौके देते हैं, पूरा समाज आगे बढ़ता है। यह दिन अतीत की लड़ाइयों को याद करता है। आज की असमानताओं (वेतन-अंतर, हिंसा, प्रतिनिधित्व) को उजागर करता है और सबको छोटा-बड़ा योगदान देने को कहता है।

### पन्ना में होगा राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन

**भौंरा।** पत्रकार कल्याण परिषद का कार्यक्रम 17 एवं 18 मार्च को पन्ना में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन भी किया जायेगा। पत्रकार कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी (अध्यक्ष समेत सभी पदों) का पुनर्गठन किया जाएगा। साथ ही मप्र कार्यकारिणी का भी गठन होगा।

### समय से पहले गर्मी की दस्तक, गेहूं की फसल पर पड़ेगा असर

# तापमान बढ़ने से अन्नदाताओं के सामने खेतों में पानी की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अभी मार्च महीने की शुरुआत ही हुई है और दिन के साथ-साथ रात भी गर्म होने लगी। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। वहीं अधिकतम तापमान भी 35 डिग्री के आसपास है। यह तापमान रबी फसलों के लिए अनुकूल नहीं है, यानि इस बार गर्मी ने समय से पहले दस्तक दे दी। इसका गेहूं की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

कृषि वैज्ञानिकों की मानें, तो फसल की सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी देना होगा, इससे किसानों को मेहनत व पैसा अधिक लगेगी। बावजूद इसके ग्रोथ सही नहीं हो पाएगी। इससे पैदावार 10 फीसदी तक गिर सकती है। अगर 10 फीसदी पैदावार गिरी तो जिले के किसानों को गेहूं की फसल में लाखों रुपए का नुकसान होगा। बता दें कि जिले में इस साल करीब 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई की गई है और कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की अच्छी ग्रोथ व पैदावार के लिए फसल को 135 से 145 दिन का समय लगता है। जिले में किसान खरीफ फसल में धान की पैदावार करते हैं। ऐसे में गेहूं की बुवाई देरी से कर पाते हैं। इस बार तापमान तेजी के साथ समय से पहले बढ़ गया है। इस कारण गेहूं की फसल समय से पहले पक कर सूखने लगेगी। इससे पैदावार 8 से 10 फीसदी तक कम होगी। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की फसल की बुवाई का सही समय 15 नवंबर से 30 नवंबर तक रहता है। लेकिन धान की फसल के कारण किसान दिसंबर अंत तक गेहूं की बुवाई करते हैं। कुछ जनवरी के पहले सप्ताह तक कर पाते है। ऐसे में फसल को पूरा समय नहीं मिल पाता है।



**तापमान की स्थिति**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 4 मार्च | 32.2 | 16.0 |
| 5 मार्च | 33.5 | 15.2 |
| 6 मार्च | 34.8 | 15.7 |
| 7 मार्च | 35.0 | 15.8 |
| 8 मार्च | 34.7 | 16.5 |

#### फसलों के लिए अनुकूल नहीं मौसम

जिले में गेहूं की बुआई का सही समय 10 नवंबर से 30 नवंबर तक रहता है। लेकिन धान की बुआई और अन्य फसलों के कारण जिले के अधिकांश किसान दिसंबर के अंतिम सप्ताह या जनवरी के प्रथम सप्ताह तक गेहूं की बुआई करते है, जबकि गेहूं को पककर तैयार होने के लिए 135 से 145 दिन का समय लगता है। जानकार बताते है कि गेहूं की फसल की बुआई के 90 दिन बाद दाना बनना शुरू होता है। 15 से 20 दिन फसल में दाना बनने में लगते है। वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की फसल के लिए तापमान 15 डिग्री से कम होना चाहिए। जिससे गेहूं की फसल की ग्रोथ अच्छी होती है और किसानों को सिंचाई के लिए कम मेहनत करनी पड़ती है। उत्पादन भी अच्छा रहता है, किन्तु इस बार तापमान में अचानक बढ़ोत्तरी से गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

#### पैदावार गिरी तो किसानों को उठाना पड़ेगा नुकसान

तापमान में अचानक बढ़ोत्तरी से गेहूं की फसल को नुकसान होने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही है। सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक विजय वर्मा ने बताया कि बैतूल जिले में गेहूं फसल के लिए 15 डिग्री से कम तापमान की जरूरत होती है, यदि इससे अधिक तापमान रहता है तो गेहूं का दाना पूरी तरह से भर नहीं पाता है और समय से पहले ही फसल पक जाती है। श्री वर्मा ने बताया कि जिले में सिंचित क्षेत्र में गेहूं की औसत पैदावार 45 से 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। वहीं असिंचित क्षेत्र में 33 से 36 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन हो जाता है। चूंकि समय से पहले तापमान अधिक बढ़ गया है। इससे उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

#### माह के अंत तक 40 तक पहुंच सकता है पारा

मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी मार्च की शुरूआत में जिले का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास चल रहा है। ऐसे में मार्च के अंतिम सप्ताह तक यह 40 डिग्री के आसपास तक पहुंच सकता है। पिछले तीन-चार दिनों के तापमान में नजर डाली जाये तो तापमान निरंतर बढ़ते क्रम में है। 4 मार्च को दिन का तापमान जहां 32.2 डिग्री था, वहीं रविवार 8 मार्च को दिन के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 8 मार्च को दिन का तापमान 34.7 डिग्री से ऊपर था। वहीं न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री दर्ज किया गया। यदि तापमान में इसी तरह से बढ़ोत्तरी हुई तो गेहूं की फसल समय से पहले पककर तैयार हो जायेगी, लेकिन दाना ग्रोथ नहीं कर पायेगा और कमजोर रह जायेगा।

#### दिन में चुभने लगी धूप, रातें भी गर्म

तापमान में लगातार बढ़त का असर न सिर्फ फसलों पर नजर आ रहा है, बल्कि अब दोपहर के समय सडक़े भी सूनी रहने लगी है। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार आने वाले दो दिन में पारा 2 से 3 डिग्री क्रमिक रूप से चढ़ सकते हैं। 10 मार्च तक मौसम साफ रहेगा और धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

#### इनका कहना है

तापमान तेजी के साथ बढ़ रहा है। इससे ज्यादा नुकसान तो नहीं है, लेकिन गेहूं की फसल जल्दी पककर तैयार हो जायेगी। जिससे दाना पूरी तरह से नहीं भर पाएगा। चूंकि जिले में कई किसान दिसंबर तक बुवाई करते है, इसलिए तापमान बढ़ने से गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

**- आनंद बडोनिया,** उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

## अज्ञात कारणों से लगी आग फसल जलकर हो गई खाक



**भैंसदेही।** अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई। इस आगजनी की घटना में कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धामनगांव निवासी पप्पू अमरघडे के खेत में अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महज़ 15 मिनट में पांच एकड़ की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान पप्पू अमरघडे का खेत रेणुका खापा से लगा हुआ है। आगजनी की इस घटना में किसान का लगभग 100 क्विंटल से अधिक गेहूं जल गया। आग को देख रेणुका खापा निवासियों ने दौड़?र सुझबुझ से आग पर काबू पाया। भैंसदेही फायर ब्रिगेड भी घटना स्थल पहुंची और आग पर काबू पाया।

### डिवाइडर तोड़ घुसा कंटेनर

## पत्नी व 6 साल के मासूम के सामने पति ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल-नागपुर नेशनल हाईवे पर रविवार को भीषण सडक़ हादसा हुआ। मुलताई की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार कंटेनर अचानक अनियंत्रित हो गया और लगभग 10 फीट चौड़ा डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा की लेन में जा घुसा।

इस खौफनाक हादसे में कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और 6 साल का बच्चा घायल हो गए। मृतक की पहचान नर्मदापुरम निवासी विकास राव के रूप में हुई है, जो पेशे से इलेक्ट्रिक मैकेनिक थे। रविवार को विकास अपनी पत्नी और छह साल के बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर मोहरखेड़ा में एक तेरहवीं के शोक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कंटेनर इतनी तेज रफ्तार में था कि वह डिवाइडर तोडक़र विपरीत दिशा से आ रही बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए सडक़ से काफी दूर एक खेत में जाकर पलट गया। हादसे में विकास राव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

गनीमत रही कि इस भयानक टक्कर में उनकी पत्नी और 6 साल के मासूम बच्चे की जान बच गई, लेकिन उन्हें भी चोटें आई हैं। आंखों के सामने पति को दम तोड़ता देख पत्नी सदमे में है। पुलिस ने दोनों जिला अस्पताल भेज दिया है।

#### डीजल रिसाव से खतरा

दुर्घटना के बाद खेत में पलटे कंटेनर से भारी मात्रा में डीजल का रिसाव होने लगा, जिससे वहां भीषण आग लगने का बड़ा खतरा पैदा हो गया था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंजना धुर्वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। तुरंत पानी का टैंकर बुलाया गया। पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया है और क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाने व हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## फागुन मेले में युवक की चाकू मारकर हत्या

### डीजे पर नाचने के पुराने विवाद में वारदात, 3 गिरफ्तार

**बैतूल।** आठनेर थाना क्षेत्र में आयोजित फागुन मेले के दौरान पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना 5 मार्च की शाम ग्राम हिरादेही में लगे फागुन मेले की है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम बैरमढाना निवासी चश्मदीद राम प्रसाद ने रिश्तेदार के घर के बाहर विवाद देखा। वहां सातकुंड निवासी आरोपी मोहित बाडिया अपने साथियों के साथ मिलकर गोविंद और विशाल से गाली-गलौज व मारपीट कर रहा था। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धारदार चाकू निकालकर हमला कर दिया। गोविंद की कमर में और विशाल की जांघ व कंधे पर चाकू के गंभीर वार किए गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया, जबकि विशाल का इलाज जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड की असली वजह एक पुराना विवाद था। करीब दो सप्ताह पहले एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर गोविंद, विशाल और आरोपी मोहित के बीच कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश पाले बैठे आरोपियों ने मेले में दोनों को अकेला पाकर इस वारदात को अंजाम दिया।

### प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राजीव खंडेलवाल के निवास पर हुआ मिलन समारोह

## युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जमकर उड़ाया रंग-गुलाल, मनाई रंगपंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल


रविवार को जिलेभर में रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर हर कोई रंगों में डूबा नजर आया। होली से ज्यादा रंगपंचमी पर नागरिकों द्वारा रंग गुलाल उड़ाया गया। होली के पांचवे दिन मनाए जाने वाले रंगपंचमी पर्व पर युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने परंपरानुसार एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाए। रविवार सुबह से रंगपंचमी का त्योहार मनाने युवाओं की होली सडक पर निकल चुकी थी। ग्रामीण इलाको में भी रंग पंचमी उत्साह एवं उमंग से मना। होली उत्सव का समापन इस दिन दोगुनी खुशियों के साथ लोगों ने किया।



कई ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक रंग खेलने का दौर जारी रहा। इस पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था, इससे कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। रंगपंचमी के चलते रविवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी पूरी तरह सूना रहा।

#### खंडेलवाल निवास पर हर कोई व्यक्ति रंगा-पुता नजर आया

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर सुधार न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कर सलाहकार राजीव खंडेलवाल के सिविल लाइन्स, कॉलेज रोड, बैतूल स्थित निवास पर रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रंगपंचमी के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शहर के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने जोश के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। हर कोई व्यक्ति रंगा-पुता नजर आया। युवाओं और महिलाओं ने डीजे की धुन पर मनमोहक गीत संगीत के साथ होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और आनंद के साथ जमकर मनाया।



## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन पंजीयन तिथि 10 तक बढ़ी

**सीहोर।** प्रदेश के किसानों के हित में मध्यप्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था को और अधिक किसान हितैषी बनाया है। किसानों को पंजीयन के लिए पर्याप्त समय मिल सके, इसके लिए गेहूं उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। साथ ही सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस प्रकार अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते निर्णय लिया गया है। इससे अधिक से अधिक किसान अपना पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री राजपूत ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जिससे प्रदेश के अन्नदाता को सीधा लाभ मिल सके।

### चल रहा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 07 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 60 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाना है

**सीहोर।** मुख्यमंत्री ने किसानों के कल्याण और कृषि के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, आधुनिक कृषि को बढ़ावा देना तथा कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाना है।

### आरपीएफ इटारसी ने यात्री को खोजकर लौटाया उसका सामान

# ट्रेन में छूटा 10 लाख की ज्वेलरी से भरा बैग, यात्री को सकुशल लौटाया

ट्रेन में छूटे अपने सामान को महिला यात्री ने आरपीएफ की मदद से सकुशल प्राप्त किया। इस बैग में करीब 10 लाख रूपए कीमत की ज्वेलरी थी। जिसे महिला यात्रा के दौरान ट्रेन में ही भूल गई थी। लेकिन उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत रेलवे की आपात सेवा पर की और उन्हें बैग इटारसी से सकुशल मिल गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रविवार को एक सराहनीय कार्य करते हुए आरपीएफ इटारसी ने ट्रेन में छूटा करीब 10 लाख रुपये मूल्य का ज्वेलरी से भरा बैग तलाश कर यात्री को सुरक्षित लौटा दिया। जानकारी के अनुसार, महिला यात्री रागनी त्रिपाठी उम्र 26 वर्ष, पति मयंक त्रिपाठी, निवासी शिवाजी नगर आलमपुर, जिला भिंड ट्रेन संख्या 01924 से झांसी से रानी कमलापति तक अपने पति के साथ एस-3 कोच में यात्रा कर रही थीं। रानी कमलापति स्टेशन पर उतरते समय जल्दबाजी में वे अपना ज्वेलरी से भरा हाथ बैग कोच में ही भूल गईं और अन्य सामान लेकर उतर गईं।



कुछ देर बाद जब उन्हें बैग छूटने का एहसास हुआ, तब तक ट्रेन स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने रेल मदद हेल्पलाइन 139 पर इसकी सूचना दी। रेल मदद के माध्यम से सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट इटारसी ने तुरंत कार्रवाई की। ट्रेन के इटारसी स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, प्रधान आरक्षक बीबी गोस्वामी तथा जीआरपी प्रधान आरक्षक कमलेश शर्मा ने ड्यूटी पर मौजूद टीटीई की सहायता से महिला यात्री के बताए अनुसार एस-3 कोच में बैग की तलाश की।

बैग मिलने पर उसे सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट इटारसी लाया गया और इसकी जानकारी महिला यात्री को दी गई। बाद में महिला यात्री के पति मयंक त्रिपाठी आरपीएफ पोस्ट इटारसी पहुंचे। उपनिरीक्षक पिंकी झारिया एवं सहायक उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा सही पहचान और तस्दीक करने के बाद बैग उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। बैग में 4 सोने की चूड़ियां, 1 सोने का बाजूबंद, 4 सोने की अंगूठियां, 1 सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी सोने की बालियां, 1 सोने की चेन, 1 घड़ी, 1 आर्टिफिशियल अंगूठी, 1 मोबाइल चार्जर, सिंगार का सामान तथा 4520 रुपये नकद मिले, जो पूरी तरह सुरक्षित पाए गए। इन सभी सामानों की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई गई है। आरपीएफ इटारसी की इस तत्परता और ईमानदारी की यात्री परिवार ने सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

### 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त हो सकते है।

# राजनीति व नीति निर्माण में महिलाओं की उपस्थिति लोकतांत्रिक मजबूती का आधारः दीक्षा तिवारी

### रिवर व्यू कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी पर हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राजनीति और नीति निर्माण में महिलाओं की उपस्थिति केवल समानता का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मजबूती का आधार है। यह उनके अधिकारों और योगदान को स्वीकार करने का अवसर है। हम महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हैं और साथ ही यह भी सोचते हैं कि उनके जीवन को और बेहतर बनाने के लिए क्या किया जा सकता है। एक महिला अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि बेटी, बहन, पत्नी और मां के रूप में कई जिम्मेदारियां निभाते हुए पूरे परिवार की देखभाल करती है। यह बात मालाखेड़ी स्थित रिवर व्यू कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी के अवसर पर रिवर व्यू कल्चरल फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुईं दीक्षा तिवारी ने कही। इस मौके पर कॉलोनी में फूलों की होली और वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।

#### कॉलोनी में भक्ति, शक्ति और उत्सव का अदभुत संगम

उन्होंने कहा कॉलोनी में मुझे जो माहौल देखने को मिला, वह अनुकरणीय है। यहां सभी निवासी एक परिवार की तरह मिलकर हर धार्मिक और सामाजिक उत्सव मनाते हैं। नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कार्यक्रम में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया। वहीं विशेष अतिथि छाया राबूदा ने कहा यहां के निवासी किसी मोहल्ले की तरह नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह हर उत्सव मिलजुलकर मनाते हैं।



#### एक दूसरे को गुलाल लगा कर दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों ने पारंपरिक गुलाल के साथ एक-दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। कॉलोनी की वरिष्ठ मातृ शक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। बच्चों ने राधा-कृष्ण बन प्रस्तुति दी। संचालन समिति के सचिव अंकुर 'बिल्लू' रे द्वारा किया गया। समिति के संरक्षक संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सरिता लुटेरे एवं श्री शिव शंकर पगारे की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में समिति की अध्यक्ष प्रीति खरे ने सभी उपस्थित रहवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध जनों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रीति खरे, पूर्णिमा त्रिपाठी सरिता लुटारे, अंकुर बिलौरे शिव शंकर पगारे, सुधीर लुटारे, प्रियंका यादव छाया राबुदा, कनक , राजश्री पटवा, कविता पटवा, पुष्पा अग्रवाल, आरती द्विवेदी, जानकी द्विवेदी, भारती यादव , गीतांजलि, मीनाक्षी, रजनी पटेल ,उज्ज्वला ,प्रेम ठाकुर, सोनम नायक, प्रदीप नायक , मनीषा, विष्णु कांत शर्मा, उर्मिला परोनिया , अशोक पाठक, पुष्पा पाठक, अजहर खान, फराह खान, अनुपम श्रीवास्तव, सीमा राजपूत , जितेंद्र राजपूत, ज्योति चंद्रयान, मनोज चंद्रयान, विनीत शर्मा ,आलोक शर्मा, मधुसूदन यादव, राधेश्याम वर्मा , एस आर मालवीय, के एन त्रिपाठी, नितेश यादव, राम रघुवंशी, सुभाष रघुवंशी, हेमंत सोलंकी , प्रतिमा सिंह, नंदिनी, योगेश पवार , सुधीर लुटारे , अभिषेक चौहान , पुष्पा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सुरेश उइके , अनुभव, अनुभा , शीतल , अश्विनी मीना साहू , रंजीत, सेवा राम मालवीय , राकेश रघुवंशी, रमा रघुवंशी, कैलाश सेठ, देवयानी पगारे , अभिलाष शुक्ला, सुमित पटेल, संतोष कुमार शर्मा, राकेश परोनिया , हेमंत राजपूत, मनीश दुबे , सुनील जैन, भूपेंद्र यादव अनुज मालवीय आदि शामिल रहे।

# मनुष्य मिलन योग साधना शिविर में हर्षोल्लास से रंग पंचमी मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



रविवार को माखननगर व आसपास के क्षेत्रों में रंग पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक त्योहार की धूम दिखी। माखननगर में रंग पंचमी का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। मनुष्य मिलन योग साधना शिविर में रंग पचमी का उत्सव मनाया गया जिसमें सभी ने एक दूसरे गुलाल लगाया और फागुन के गीत पर खूब डांस किया।

# सिलाई व्यवसाय शुरू कर खोला सेंटर परिवार की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी का उदाहरण नर्मदापुरम जिले के वार्ड क्रमांक 31 दीवान चौक ग्वालटोली निवासी मंजू यादव हैं, जिनके जीवन में इस योजना से उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है। 30 वर्षीय मंजू यादव को जून 2023 से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत नियमित रूप से आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हो रही है। योजना से मिली राशि का उपयोग करते हुए उन्होंने अपने घर से सिलाई का व्यवसाय शुरू किया, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होने लगी।

मंजू यादव को फरवरी 2026 तक योजना की 33वीं किश्त सहित कुल 43,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। सिलाई कार्य से हुए मुनाफे और योजना से मिली सहायता राशि का सदुपयोग करते हुए उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और अब एक सिलाई सेंटर भी शुरू कर लिया है, जिसमें पांच सिलाई मशीनें संचालित की जा रही हैं। सिलाई सेंटर शुरू होने से उनकी आय में वृद्धि हुई है और परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ हुई है।

साथ ही, इस सेंटर के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी रोजगार का अवसर मिलने लगा है। मंजू यादव भावुक होकर कहती हैं कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने उनके जीवन में नया विश्वास जगाया है। इस योजना ने उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर दिया और आज वे गर्व के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों में योगदान दे रही हैं।

# नरवाई जलाने पर जुर्माना, आधुनिक तरीके अपनाएं



**नर्मदापुरम।** कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में फसल अवशेष न जलाएं। नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, नरवाई जलाने से मिट्टी के मित्र कीट नष्ट होते हैं और भूमि सख्त हो जाती है। जिसमें नरवाई जलाने के नुकसान वायु प्रदूषण बढ़ता है, पोषक तत्व नष्ट होते हैं, अग्नि दुर्घटनाएं हो सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विभाग ने किसानों को नरवाई के बेहतर प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की सलाह दी है जिसमें किसान हैप्पी सीडर/सुपर सीडर का उपयोग, मल्चर और रोटावेटर का उपयोग एवं वेस्ट डीकंपोजर का छिड़काव करें। बताया गया कि यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी और जोत की श्रेणी के अनुसार 02 एकड़ से कम 2,500 रुपये, 02-05 एकड़ 5,000 रुपये एवं 05 एकड़ से अधिक 15,000 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा।

# रोजगार व स्वरोजगार मेला 13 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय वृहद युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम के तत्वावधान में शुक्रवार, 13 मार्च 2026 को किया जायेगा। रोजगार मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में संपन्न होगा। मेले में शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थाएं भी भाग लेंगी, जो युवाओं को रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान मेले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग सहित विभिन्न विभाग भागीदारी करेंगे। साथ ही निजी क्षेत्र की अनेक कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेकर उन्हें रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी। मेले के सफल संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना द्वारा डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर को रोजगार मेले का संपूर्ण प्रभार सौंपते हुए ड्यूटी लगाई गई है।

# महिलाओं ने होली महोत्सव मनाया, रंग-गुलाल उड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। नगर की महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशाल फाग महोत्सव पर रंग गुलाल लगा और नाच गाना हुआ तथा सभी महिलाओं ने एक दुसरे को बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन उपासना तिवारी तथा उनकी समिति द्वारा आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इंडिया बूमेंनस बीक थीम के अनुसार मनाया गया। लगातार 3दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। आत्म रक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनिल चौधरी हीरालाल रघुवंशी खेल समन्वयक प्रीतमसिंह पुलिस से प्रेम शंकर शिल्पी शुभम सेन सुपरवाइजर सरिता रघुवंशी सोनाली शर्मा अनीता टेकाम रेखा अहिरवार कोमल सिंह सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुलाबी लाल परिधान में लगातार सभी ने फाग महोत्सव मनाया गया।फिट इंडिया बूमेंनस में महिलाओं को सम्मानित किया गया। सेहत का संदेश दिया गया। ब्राह्मण समाज की सैकड़ों महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

### मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता

# विधायक निधि के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली एवं तरौनकला में विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा दोनो पंचायत में 50 हजार रुपए सामुदायिक भवन निर्माण के लिए प्रदान किए गए हैं। जिसमें भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने की विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद सदस्य कमला बाई रघुवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष पवन वालिया नवनीत नागपाल तरौनकला सरपंच रूक्मणी पुरविया, मटकुली सरपंच नेहा धुर्वे, जनपद सदस्य गीता उईके रेखा बाई व्रज किशोर पठारिया खूबचंद रघुवंशी प्रीतमसिंह ठाकुर सहित अन्य सभी पार्षदों कार्यकर्ता ग्राम वासियोंकी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाद में लगातार कार्यक्रम में शामिल में पौधरोपण भी किया गया।



## खबर संक्षेप

### हंगामा करने वाले चार गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर शहर की शांति भंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देश पर यह कार्रवाई बावडिय़ा चौराहा पर की गई। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि बावडिय़ा चौराहा पर कुछ लोग चिकन खरीदने को लेकर आपस में विवाद कर रहे हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि वे मारपीट पर उतारू हो गए और सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने लगे, जिससे वहां शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर हंगामा कर रहे आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय देवास के समक्ष पेश करने की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में तेजसिंह पिता मिश्रीलाल रोकड़े (35) निवासी बावडिय़ा देवास, विशाल पिता हीरालाल गोयल (30) निवासी स्टेशन रोड एमजी कॉलोनी देवास, वसीम पिता हफीज खान (20) निवासी मुक्ति मार्ग देवास और गुलरेज पिता हफीज खान (30) निवासी शुक्रवारिया हाट देवास शामिल हैं।

### श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का होगा स्वागत

**देवास।** रंग पंचमी महापर्व के उपलक्ष पर तथा सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 8 मार्च रविवार को श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पारंपरिक फाग यात्रा का परंपरागत रूप भव्य स्वागत किया जाएगा।

इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस ने किया अनोखा प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन

# ट्रेड डील नहीं, ट्रैप डील है: काले कपड़े पहन ट्रंप का मुखौटा लगाकर कांग्रेस ने जताया विरोध

## कांग्रेसी नेताओं ने कहा– मोदी सरकार ने देश को ट्रंप के सामने किया नतमस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




हाल ही में मोदी सरकार द्वारा तेल को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से किए गए निवेदन और उसके बाद ट्रंप के इस बयान कि "हमने भारत को रूस से तेल लेने की छूट दे दी है", को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इसी मुद्दे को लेकर शनिवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल पर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर और अपने आप को रस्सियों से बांधकर विरोध जताया। साथ ही ट्रंप का मुखौटा लगाकर प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।इस अवसर पर प्रयास गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्थिति आज ऐसी हो गई है कि वे ट्रंप के सामने असहाय नजर आ रहे हैं। वहीं मनीष चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ट्रंप के सामने नतमस्तक कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है मानो देश फिर से विदेशी दबाव में आ गया हो। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री ट्रंप के सामने झुके हैं, वह 150 करोड़ देशवासियों का अपमान है।प्रदर्शन के दौरान "पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड" और "नरेंद्र सरेंडर" जैसे नारों का भी उद्घोष किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इंडो-यूएस ट्रेड डील से देश का किसान पूरी तरह प्रभावित होगा और यह देशहित में नहीं है।प्रदर्शन के दौरान मोदी का मुखौटा पहने एक कांग्रेस नेता को प्रतीकात्मक रूप से यह कहते हुए दिखाया गया कि "मैं तुम्हें तेल लेने की अनुमति देता हूं।"

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस पूरे घटनाक्रम को देश की आर्थिक और कूटनीतिक स्थिति के लिए चिंताजनक बताते हुए मोदी सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, गुरचरण सिंह सलूजा, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, रितेश त्रिपाठी, ज्ञान सिंह दरबार, सुजीत सांगते, विक्रम मुकाती, नजर शेख, जितेंद्र सिंह गौड़, मनोज हेतावल, नरेंद्र यादव, लल्ला, नीरज नगर, बिल्लू, प्रतीक शास्त्री, विक्रम पटेल, सिद्धार्थ माहुरकर, अजय सिंह राजोदा, शाह जी हाशमी, दीपेश कानूनगो, दिग्विजय सिंह झाला, प्रथम पवार, मनोज सांगते, मुकेश पटेल, मुकेश सोलंकी, अविनाश जेठवा, सुभाष वर्मा, मयंक जैन, दीपेश हरोड़े, मुरलीधर गुप्ता, विजय परमार, मुन्ना सरकार, मदनलाल जेठवा, सुनील यादव, बबलू दांगी, कदीर मिर्जा बैग, निलेश वर्मा, वीरेंद्र परदेसी, गौरव जोशी, राजा पड़ियार,



हरीश गजधर, जितेंद्र सिंह मोनटा, शाहिद मोदी, कल्लू भाई राष्ट्रीय, राजेंद्र बेदी, प्रहलाद मिस्त्री, गजेंद्र तोमर, रईस कामदार, मोनू शर्मा, रितेश सांगते, महेंद्र धारू, महेंद्र ठाकुर, मोनू चौहान, चंद्रभूषण शुक्ला, गुलाब सिंह रोजड़ी, यशवंत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# युवक से सीएनजी पंप पर की मारपीट, मामला दर्ज

## आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पीटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मधुमिलन चौराहे के पास स्थित एक सीएनजी पंप पर काम करने वाले युवक के साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह पूरी घटना 6 मार्च 2026 की रात करीब 7.30 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी मनीष मालवीय ने बताया कि वह मधुमिलन चौराहे के पास स्थित सीएनजी पंप पर काम करता है। उसी दौरान आरोपी सलीम अपनी टाटा मैजिक लेकर पंप पर गैस भरवाने आया था। सलीम ने अपनी गाड़ी में करीब 300 रुपए की गैस भरवाई और मनीष से ही पैसों की मांग की। मनीष का आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर सलीम ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। थोड़ी देर बाद सलीम अपने कुछ अन्य साथियों के साथ वापस आया। सलीम अपने साथियों के साथ पंप पर पहुंचा और सभी ने मिलकर मनीष के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मनीष को चोटें आईं। इस मामले में औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी सलीम निवासी रसूलपुर और उसके अन्य साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जब फरियादी मनीष थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा तो वहां भी उसे रोका गया। वहीं थाने से करीब 100 मीटर दूरी पर आरोपी और उसके साथियों ने काफी देर तक हंगामा किया। आरोप है कि सभी आरोपी रसूलपुर क्षेत्र के निवासी हैं और उनमें से अधिकांश मैजिक चालक हैं।बजरंग दल की ओर से प्रशासन से मांग की गई है कि वायरल वीडियो और फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# निगम आयुक्त का निरीक्षण, वार्डों में कार्यों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शहर के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड 1, 14 और 20 में बन रही सीसी सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सीसी सड़क क्षतिग्रस्त पाई गई, जिस पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन चेंबरों के लेवल सड़क से ऊंचे या नीचे पाए गए, उन्हें सड़क के समतल स्तर पर लाने के निर्देश वार्ड उपयंत्री को दिए गए।आयुक्त ने वार्ड 16 संजय नगर में



निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल, वार्ड 19 सम्राटपुरी में चल रहे नाला निर्माण कार्य और वार्ड 4 मंगलमूर्ति नगर में लगाए गए पेवर्स ब्लॉक के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा वार्ड 31 और 39 में बेकलेन में बनाई गई सीसी रोड का भी निरीक्षण कर वार्ड दरोगा को बेकलेन की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त मीरा बावड़ी से भोलेनाथ रोड तक पहुंचे। इस दौरान सड़क पर कचरा पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्ड दरोगा को चेतावनी दी और प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को संबंधित को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

### बैठक में भारत विकास परिषद शाखा सम्मानित




**देवास।** भारत विकास परिषद की प्रांतीय बैठक उज्जैन में संपन्न हुई। इस अवसर पर देवास शाखा को प्रांतीय समूह गान, नेत्रदान, एवं रक्त दान के लिए पुरस्कृत किया गया। बैठक में भारत विकास परिषद अध्यक्ष मीना राव, सचिव अंतिम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शालिनी चौहान, सुरेश दासानिया, हेमंत वर्मा, नवीन नाहर आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कीर्ति चव्हाण ने दी।

# कमलापुर के जंगल की नहीं थम रही आगजनी, 2 दिन में दो जगहों पर भीषण आग से वन विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जिनवाणी रेंज के कमलापुर वन क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। दो दिनों के भीतर जंगल के अलग-अलग स्थानों पर भीषण आग लगने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिससे वन संपदा और वन्य जीवों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को जंगल के कक्ष क्रमांक 781 में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की ऊंची लपटें तथा धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। इससे आसपास के किसानों और ग्रामीणों में चिंता का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, नाकेदार अशोक दक्षिणी सहित वन विभाग के कर्मचारियों के साथ आसपास के किसान और ग्रामीण भी आग बुझाने में जुट गए। शनिवार तड़के सुबह एक बार फिर जंगल में आग भड़क उठी। इस बार मीरा खोयरी के जंगल में कक्ष क्रमांक 95 में भीषण आग लग गई। तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे वन विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।आग बुझाने के लिए डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, राजेंद्र शर्मा, अशोक दक्षिणी और चौकीदार बाबू शाह सहित करीब 6 से 7 कर्मचारियों की टीम लगातार जंगल में डटी रही और आग पर काबू पाने के प्रयास करती रही। खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस समय महुआ का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि महुआ बीनने वाले लोग सुविधा के लिए जंगल में आग लगा देते हैं, जिससे जमीन पर गिरे महुआ आसानी से दिखाई दे सकें। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।


# नारी शक्ति का गढ़ बना सोनकच्छ और भौरासा सिस्टम की कमान महिला अफसरों के हाथों में

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

इसे महज सहयोग कहे या महिला सशक्तिकरण का उभरता हुआ चेहरा लेकिन जिले की सोनकच्छ तहसील जिले से लेकर आज पूरे मध्य प्रदेश के लिए एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। जिले के सोनकच्छ तहसील से लेकर भौरासा नगर तक मे प्रशासनिक ढांचे पर अगर नजर डाली जाए तो यहां शीर्ष से लेकर जमीन तक के अधिकांश महत्व पूर्ण पदों पर महिला अधिकारी अपनी क़ाबिलियत का लोहा मनवा रही है, फिलहाल कुछ पद को छोड दिया जाए तो सोनकच्छ तहसील का पूरा सरकारी तंत्र नारी शक्ति के कंधों पर टिका हुआ नजर आता है। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सोनकच्छ तहसील की कमान अब अधिकतर महिलाओं के हाथ में है, जहा बता दे की तहसील के प्रशासनिक और पुलिस सिस्टम की हर अहम गाड़ी में महिला अधिकारी तैनात है। पुलिस महकमे में अधिकतर महिलाएं काबीज है, जहां सोनकच्छ एसडीएम की जिम्मेदारी प्रिया चंद्रावत संभाल रही है तोपुलिस महकमे में सोनकच्छ क्षेत्र में एसडीओपी की जिम्मेदारी दीपा मांडवे बखूबी संभाल रही है, वही भौरासा नायब तहसीलदार के रूप में नेहा शाह सक्रिय है।

वही बात करें भौरासा थाना प्रभारी के रूप में अनीता सिंह व नगर परिषद सीएमओ के पद पर प्रमिला ठाकुर है जो वर्तमान में छुट्टी पर है तो उनकी जगह पर सविता सोनी है जो भौरासा व हाटपिपलिया नगर परिषद की कमान संभाल रही है। वही भौरासा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. गुरमीत कौर मौजूद है इसी तरह अगर बात की जाए सेवा सहकारी संस्था की तो यहां पर अदिति गोयल अपना कार्य संभाल रही है। वही कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य नीता शर्मा एव महिला बाल विकास मैं सुपरवाइजर का कार्य फिरदौस



शेख बखूबी कमान संभाले हुए नजर आ रही हैं। नगर की अन्य शासकीय व अर्धशासकीय संस्थाओं में भी छोटे-मोटे व अन्य कई पदों पर भी नगर मे महिलाएं अपनी सेवाएं दे रही है।

ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी में आदिवासी परंपरा अनुरूप मनाया फाग उत्सव

# पारंपरिक वेशभूषा में रंगों और लोकगीतों पर झूमे बच्चे




हरिभूमि न्यूज़ ⏭ चापड़ा

हाटपिपल्या मार्ग स्थित ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी विद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से आदिवासी परंपरा के अनुसार फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंगों, लोकगीतों और पारंपरिक नृत्य से उत्सवमय माहौल में बदल गया।विद्यालय के प्राचार्य वीरेन्द्र सहाय, भारत पाटीदार, रोहित पटेल, अशोक पाटीदार और महेंद्र पाटीदार ने बताया कि आधुनिकता की चकाचौंध के बीच बच्चों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष फाग उत्सव आदिवासी परंपरा के अनुसार मनाया गया।कार्यक्रम में आदिवासी समाज के अग्रणी परिवार के सदस्य भूरू सिंह अजनारिया और रमेश वास्केल पारंपरिक वेशभूषा में मृदाल, थाल और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ के साथ लोकगीत 'फगुआ' पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजाति विकास मंच के जिला संयोजक मुकेश वास्केल रहे। उनके साथ कपिल जाट, राजेंद्र नागर और रवि पाटीदार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का श्रीफल भेंट कर और साफा बांधकर स्वागत किया गया।फाग उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों तक परंपरागत होली के महत्व को पहुंचाना था। वर्तमान समय में जहां कुछ लोग होली को फूहड़ता के साथ मनाते हैं, वहीं विद्यालय में लोकगीत, संस्कृति और मृदाल की थाप के साथ अनुशासित एवं सांस्कृतिक वातावरण में फाग उत्सव मनाया गया।इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई बच्चे आदिवासी वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे और रंग-गुलाल के साथ पारंपरिक अंदाज में फाग उत्सव मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# खेतों में लगी आग, गेहूं की फसल हो गई खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा-नापाखेड़ी मार्ग पर शनिवार को खेतों में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में करीब 15 बीघा से अधिक क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। इससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

यह आग ग्राम नापाखेड़ी निवासी किसान मनोहर धुलजी के खेत में लगी थी। किसानों के अनुसार, इस घटना में लगभग 3.50 लाख रुपए मूल्य की गेहूं की फसल पूरी तरह खाक हो गई।आग लगने का प्राथमिक कारण बिजली लाइन में फॉल्ट या शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।आग लगने की सूचना मिलते ही 200 से अधिक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। बरोठा पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को भी सूचना दी, दमकल अमले के लंबे प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।